# झारखंड की बेटी का तीर निशाने पर लगा



**अमेरिका-भूटान को हराया**

इससे पहले विश्व की नंबर भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने भूटान की करमा से तीनों राउंड जीतकर अगले दौर में पहुंचीं। झारखंड समेत पूरे देश की उम्मीदें लगीं। दीपिका ने अंतिम सेट 27–24 से तीसरा सेट अपने नाम किया। और अंतिम 16 में पहुंचीं दीपिका। 26–23, 26–23 और 27–24 से दीपिका ने लगातार तीन सेट जीते और प्रतिद्वंद्वी को 6–0 से हराकर अगले दौर में शान से प्रवेश किया।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रांची। टोक्यो ओलिंपिक में झारखंड की बेटी का तीर निशाने पर लगा है। तीरंदाजी प्रतियोगिता के एकल मुकाबले में रांची की रहने वाली दीपिका कुमारी ने भूटान के बाद अमेरिका की खिलाड़ी को हरा दिया है। पहले भूटान की करमा से पहला मुकाबला जीता। उसके बाद दूसरे मुकाबले में अमेरिका की जेनिफर को दो के मुकाबले तीन सेट से हरा दिया। इधर, जीत के बाद से रातू स्थित दीपिका के आवास पर जबरदस्त हर्षोल्लास है। प्रतियोगिता के दौरान पूरे परिवार की निगाहें बेटी के खेल पर लगी हुई हैं। जैसे ही दीपिका ने अपना मुकाबला जीता, माता–पिता ईश्वर के चरणों में मत्था टेकने पहुंच गए। झारखंड के खेल प्रेमियों को दीपिका से बड़ी उम्मीदें हैं। देश को दीपिका से पदक की आस है। दीपिका ने दूसरे मुकाबले में अमेरिका की जेनिफर को पराजित किया। दूसरे राउंड में दीपिका पहला सेट 26–25 से हारी। दूसरा सेट दीपिका 28–25 से जीती। इस तरह उसने दो के मुकाबले तीन सेट जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गई है।

# किसी भी टीम को हम हल्के में नहीं ले सकते

**ओलिंपिक**

## अर्जेंटीना के खिलाफ रुपिंदर पाल सिंह साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। पिछले मैच में शानदार वापसी करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम गुरुवार को मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की कड़ी चुनौती से पार पाकर तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगी। इस मैच में सबकी नजरें ड्रैगफ्लिकर रुपिंदर पाल सिंह पर होगी जिन्होंने ने स्पेन के खिलाफ दो गोल किए। इनमें से एक उन्होंने पेनल्टी स्ट्रोक और दूसरा पेनल्टी कॉर्नर पर किया। रुपिंदर इस मैच में तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं, क्योंकि इस समय वह बेहतरीन लय में हैं। विश्व में चौथे नंबर के भारत ने अभी तक तीन मैचों में दो जीत दर्ज की हैं और वह पूल ए में दूसरे स्थान पर है। इस पूल में ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं और वह शीर्ष पर है।

**अर्जेंटीना की रैंकिंग 7वीं है:**



अर्जेंटीना वर्तमान में विश्व में सातवीं रैंकिंग पर है। वह एक जीत, एक हार और एक ड्रा से चौथे स्थान पर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3–2 की संघर्षपूर्ण जीत के बाद भारतीयों को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1–7 की करारी हार का सामना करना पड़ा। पिछले चार दशक में पहले ओलिंपिक पदक की कवायद में लगी भारतीय टीम हालांकि स्पेन पर 3–0 की जीत से वापसी करने में सफल रही। भारत के आठ ओलिंपिक स्वर्ण पदकों में से आखिरी पदक 1980 में मास्को ओलिंपिक में आया था। अर्जेंटीना ने दूसरी तरफ अपना पहला मैच स्पेन से 1–1 से बराबर खेला जबकि मेजबान जापान को उसने 2–1 से हराया लेकिन ऑस्ट्रेलिया के हाथों उसे भी 2–5 से करारी हार झेलनी पड़ी थी।

**भारत बनाम अर्जेंटीना रेकॉर्ड:** इन दोनों टीमों के बीच हालिया रिकॉर्ड की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी लगता है। इस साल के शुरू में एफआईएच प्रो लीग का पहला मैच 2–2 से ड्रॉ छूटने के बाद भारत ने अर्जेंटीना को शूट आउट में 3–2 से हराया। इसके बाद उसने ब्यूनसआयर्स में अगला मैच 3–0 से जीता था। ओलिंपिक की तैयारियों के सिलसिले में इन दोनों टीमों ने आपस में चार मैच खेले थे। भारत ने पहला मैच 4–3 से जीता। अगला मैच 4–4 से ड्रा रहा जबकि अर्जेंटीना तीसरा मैच 1–0 से जीतने में सफल रहा। भारत ने आखिरी मैच 4–3 से जीता था।

**किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले सकते:** भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा, इसमें संदेह नहीं कि हमारा अर्जेंटीना दौरा सफल रहा था लेकिन वह अतीत की बात है और यह पूरी तरह से भिन्न मौका है।

# पूजा रानी अल्जीरियाई बॉक्सर को हरा क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचीं, मेडल से एक पंच दूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। भारतीय मुक्केबाज पूजा रानी (75 किग्रा) ने बुधवार को यहां ओलिंपिक खेलों में पदार्पण करते हुए शुरुआती मुकाबले में अल्जीरिया की इचरक चाएब को 5–0 से पराजित कर क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीस साल की भारतीय ने पूरे मुकाबले के दौरान अपने से 10 साल जूनियर प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। दो बार की एशियाई चौम्पियन दाहिने हाथ के सीधे दमदार मुक्कों से नियंत्रण बनाए हुए थीं और उन्हें चाएब के रिंग में संतुलन की कमी का भी काफी फायदा मिला।

तीनों राउंड में रानी का दबदबा रहा जबकि चाएब भी अपना पहला ओलिंपिक खेल रही थीं लेकिन वह मुक्के सही जगह नहीं जड़ पा रही थीं। रानी ने विपक्षी से दूरी बनाकर चतुराई भरा प्रदर्शन किया। रानी ने पूरी बाउट के दौरान जवाबी हमले किए जबकि चाएब भी दमदार मुक्के लगाने का प्रयास कर रही थीं लेकिन वे अपने लक्ष्य से चूकते रहे। रानी का ओलिंपिक का सफर काफी मुश्किलों से भरा रहा है।



वह कंधे की चोट से जूझती रहीं जिससे उनका करियर खत्म होने का भी डर बना हुआ था, उनका हाथ भी जल गया था। वित्तीय सहयोग की कमी के बावजूद वह यहां तक पहुंचीं हैं। उनके पिता पुलिस अधिकारी हैं जो उन्हें इस खेल में नहीं आने देना चाहते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि मुक्केबाजी आक्रामक लोगों के लिए ही है।

उन्होंने कहा था, 'मार लग जाएगी। मेरे पिता ने यही कहा था। उन्होंने कहा था कि यह खेल मेरे लिए नहीं है क्योंकि उन्हें लगता था कि मुक्केबाजी केवल आक्रामक (गुस्सैल) लोग ही करते हैं।

## क्रुणाल ही नहीं आठ अन्य खिलाड़ी भी हुए श्रीलंका टी20 सीरीज से बाहर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। सूर्यकुमार यादव और पृथ्वी साव उन आठ भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल बताए जा रहे हैं जो कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या के करीबी संपर्क में आए थे। हालांकि वे सभी खिलाड़ी नेगेटिव आए थे। रिपोर्ट के अनुसार क्रुणाल के भाई हार्दिक पंड्या, विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और देवदत्त पडिक्कल व कृष्णप्पा गौतम करीबी सूत्र थे। बाकी दो अन्य नामों की पुष्टि नहीं हुई है। भारत और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मैच क्रुणाल पंड्या के आरटीपीसीआर टेस्ट में पॉजिटिव आने के बाद टाल दिया गया था। यह मैच अब आज बुधवार को खेला जाएगा। हालांकि क्रुणाल के सभी करीबी खिलाड़ी नेगेटिव पाए गए हैं लेकिन उनका खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। लगता है कि सुरक्षा कारणों से वह नहीं खेलेंगे। लिस्ट में सूर्यकुमार यादव और पृथ्वी साव के नाम शामिल होना भारतीय टीम के लिए चिंता की बात होगी। ये दोनो खिलाड़ी विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम, जो इंग्लैंड में जुड़ने वाले थे।

## न्यूज डायरी



### क्रिकेट फैंस के लिए खुशखबरी, सभी खिलाड़ियों की रिपोर्ट नेगेटिव आई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में जारी तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को इस वजह से स्थगित करना पड़ा था, क्योंकि टीम के बायो–बबल में एक खिलाड़ी को कोरोना संक्रमित पाया गया था। ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने मिलकर दूसरे टी20 मैच को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया था। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि ये सीरीज कैंसिल हो सकती है, क्योंकि क्रुणाल पांड्या के संपर्क में आठ खिलाड़ी आ गए थे। ऐसे में उनमें से किसी न किसी की रिपोर्ट पॉजिटिव आ सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सभी खिलाड़ियों की रिपोर्ट नेगेटिव आई और अब क्रिकेट फैंस के लिए भी खुशखबरी आ गई है कि ये मैच अपने निर्धारित समय पर शुरू होगा। बीसीसीआइ ने मंगलवार को जारी प्रेस रिलीज में साफ कर दिया था कि अगर बाकी के खिलाड़ी कोरोना टेस्ट में नेगेटिव आते हैं तो दूसरा मैच बुधवार को खेला जाएगा।

### आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपनी जगह पर बने हुए हैं विराट और केएल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी ने बुधवार को टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारतीय बल्लेबाज अपना स्थान बचाने में सफल रहे हैं, जबकि गेंदबाजी विभाग में भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर रैंकिंग में छलांग मारी है। कप्तान विराट कोहली 747 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बरकरार हैं, जबकि केएल राहुल छठे स्थान पर हैं। अच्छी बात ये है कि ये दोनों खिलाड़ी टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं, बावजूद इसके इनकी रैंकिंग पर असर नहीं पड़ा है। उधर, सलामी बल्लेबाज शिखर ध्‍वन, जो श्रीलंका के खिलाफ टीम की कप्तानी कर रहे हैं, वे टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि रोहित शर्मा खिसककर 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी में अभी भी जसप्रीत बुमराह भारत के लिए शीर्ष पर हैं, जो कि टी20 रैंकिंग में सातवें नंबर पर बरकरार हैं।

### जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड अच्छे से मैनेज करना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को लगता है कि अगर भारतीय टीम ने जसप्रीत बुमराह को सही तरीके से मैनेज नहीं किया तो वह एक साल में ब्रेक डाउन हो सकते हैं। बुमराह के एक्शन को लेकर काफी कुछ कहा जाता है। कहा जाता है कि उनका एक्शन कुछ ऐसा है जिससे उनकी कमर पर काफी जोर पड़ता है। साल 2019 में चोट के बाद से बुमराह के प्रदर्शन में गिरावट भी देखी गई थी। बुमराह ने हालांकि इसके बाद मजबूती से वापसी की लेकिन उनकी फिटनेस पर उनके एक्शन का असर पड़ सकता है। बुमराह भारत के सर्वश्रेष्ठ फास्ट बोलर हैं और सभी फॉर्मेट में वह टीम के लिए मैच जिताने में अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि टीम प्रबंधन ने उनका वर्कलोड अच्छे से मैनेज किया है लेकिन अख्तर को लगता है कि भारत को उन्हें और अच्छी तरह मैनेज करने की जरूरत है ताकि उनका करियर लंबा चल सके।

### द हंड्रेड में भारतीय महिला क्रिकेटर्स का जलवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म द हंड्रेड टूर्नामेंट में भी जारी है। मंधाना की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी के दम पर साउदर्न ब्रेव टीम ने वेल्श फायर को 8 विकेट से हरा दिया। वेल्श फायर की ओर से रखे गए 111 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउदर्न की टीम ने 16 गेंद बाकी रहते 2 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाकर मैच अपने कब्जे में कर लिया। ओपनिंग के लिए उतरीं मंधाना ने 39 गेंदों पर 4 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 61 रन की पारी खेली। मंधाना ने 156 के अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।